विकास आयुक्त, (एस0एस0आई0), लघु उद्योग मंत्रालय,भारत सरकार के निर्देशों के तहत राज्य में स्थापित होने वाले लघुत्तर तथा लघु उद्योगों का प्रस्तावित तथा स्थायी आधार पर एस0एस0आई0 पंजीयन किया जा रहा है। दिनांक 02 अक्टूबर, 2006 से सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 प्रवर्त हो जाने के फलस्वरूप एस0एस0आई0 पंजीयन (SSI Registration) के स्थान पर दो भागों में Industrial Entrepreneur's Memorandum दाखिल/जारी करने की व्यवस्था राज्य में लागू की जा चुकी हैं।

प्रदेश में **वर्ष 2013–14** तथा **वर्ष 2014–15 में माह फरवरी, 2015 तक बीस सूत्रीय कार्यक्रम** के अन्तर्गत स्थापित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की इकाईयों का विवरण निम्नवत् हैः–

क्र0 सं0	जनपद	वर्ष 2013–14				वर्ष 2014–15			
		लक्ष्य	स्थापित इकाईयॉ	पूंजी विनियोजन (करोड़ रू0 में)	सृजित रोजगार	लक्ष्य	स्थापित इकाईयॉ	पूंजी विनियोजन (करोड़ रू0 में)	सृजित रोजगार
1.	नैनीताल	**185**	**185**	**41.04**	**1375**	**205**	**188**	**32.36**	**802**
2.	ऊधमसिंहनगर	**430**	**430**	**220.10**	**3077**	**455**	**418**	**207.66**	**2877**
3.	अल्मोड़ा	**115**	**115**	**13.26**	**366**	**130**	**119**	**8.55**	**376**
4.	पिथौरागढ़	**115**	**116**	**7.99**	**366**	**130**	**117**	**4.98**	**306**
5.	बागेश्वर	**85**	**85**	**4.68**	**206**	**95**	**89**	**8.48**	**237**
6.	चम्पावत	**85**	**85**	**7.03**	**264**	**95**	**88**	**9.50**	**247**
7.	देहरादून	**325**	**325**	**23.88**	**1273**	**340**	**313**	**14.22**	**1290**
8.	पौड़ी	**230**	**230**	**38.56**	**1037**	**255**	**235**	**21.30**	**762**
9.	टिहरी	**150**	**150**	**13.32**	**417**	**165**	**151**	**13.26**	**526**
10.	चमोली	**100**	**100**	**6.79**	**234**	**110**	**101**	**6.13**	**239**
11.	उत्तरकाशी	**100**	**100**	**7.12**	**346**	**110**	**110**	**12.01**	**391**
12.	रूद्रप्रयाग	**85**	**90**	**15.61**	**293**	**95**	**89**	**8.34**	**280**
13.	हरिद्वार	**455**	**458**	**223.39**	**3588**	**480**	**442**	**151.13**	**2776**
	योग :–	**2460**	**2469**	**622.77**	**12842**	**2665**	**2460**	**497.92**	**11109**

सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों की स्थिति

उत्तराखण्ड राज्य गठन से पूर्व प्रदेश में 14,163 लघु स्तरीय औद्योगिक इकाईयॉ स्थाई रूप से पंजीकृत थी, जिनमें रू0 700.29 करोड़ का पूंजी निवेश तथा 38,509 लोगों को रोजगार उपलब्ध था। राज्य गठन के पश्चात् से **माह फरवरी, 2015 तक** 33,106 लघु, सूक्ष्म तथा मध्यम उद्यमों द्वारा लघु स्तरीय उद्योग के रूप में स्थाई पंजीकरण तथा उद्यमिता ज्ञापन भाग–2 (E.M. Part-II) फाइल किये गये हैं, जिनमें रू0 8,648.48 करोड़ का पूंजी निवेश तथा 1,95,061 लोगों को रोजगार दिया गया है। लघु स्तरीय उद्योग तथा सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम के रूप में जिला उद्योग केन्द्रों में पंजीकृत/उद्यमिता ज्ञापन भाग–2 (E.M. Part-II) फाइल करने वाले उद्यमों का विवरण निम्नवत् हैः–

जनपद	दिनांक 8–11–2000 तक (राज्य गठन के समय) पंजीकृत कार्यरत् लघु स्तरीय उद्योग			राज्य गठन के पश्चात् दिनांक 9–11–2000 से माह फरवरी, 2015 तक पंजीकृत/ई.एम. पार्ट–2 फाईल करने वाले सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम			कुल पंजीकृत/ई.एम.पार्ट–2 फाईल करने वाले सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम		
	संख्या	रोजगार	पूंजी निवेश (करोड़ रू. में)	संख्या	रोजगार	पूंजी निवेश (करोड़ रू. में)	संख्या	रोजगार	पूंजी निवेश (करोड़ रू. में)
नैनीताल	816	3513	158.36	**2379**	**11468**	**438.978**	**3195**	**14981**	**597.338**
उद्यमसिंहनगर	804	4899	233.71	**4811**	**48600**	**3136.811**	**5615**	**53499**	**3370.521**
अल्मोड़ा	904	1846	17.78	**2352**	**4980**	**85.296**	**3256**	**6826**	**103.076**
पिथौरागढ़	534	1013	5.85	**1857**	**4977**	**43.637**	**2391**	**5990**	**49.487**
बागेश्वर	387	607	2.04	**879**	**1918**	**23.056**	**1266**	**2525**	**25.096**
चम्पावत	147	322	4.95	**917**	**2034**	**28.464**	**1064**	**2356**	**33.414**
देहरादून	2321	7232	88.01	**4510**	**35662**	**869.448**	**6831**	**42894**	**957.458**
पौड़ी	1720	4196	28.39	**3005**	**9029**	**199.800**	**4725**	**13225**	**228.190**
टिहरी	1025	2413	14.44	**2505**	**6347**	**130.182**	**3530**	**8760**	**144.622**
चमोली	844	1154	5.45	**1800**	**3662**	**50.592**	**2644**	**4816**	**56.042**
उत्तरकाशी	1734	2364	10.60	**1740**	**3662**	**45.121**	**3474**	**6026**	**55.721**
रूद्रप्रयाग	394	737	7.20	**999**	**2759**	**56.924**	**1393**	**3496**	**64.124**
हरिद्वार	2533	8213	123.51	**5352**	**59963**	**3540.175**	**7885**	**68176**	**3663.685**
योगः–	**14163**	**38509**	**700.29**	**33106**	**195061**	**8648.484**	**47269**	**233570**	**9348.774**

कार्यरत् बृहत उद्योगों की अद्यतन स्थिति

प्रदेश में **माह फरवरी, 2015** तक कार्यरत् बृहत उद्योगों की संख्या **247** है, जिनमें **रू. 27,732.42** करोड़ का पूंजी निवेश तथा **86,377** लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है। जनपदवार कार्यरत् स्थापित वृहत उद्योगों की स्थिति निम्नवत् हैः–

क्र.सं.	जनपद	कार्यरत् इकाईयां		
		संख्या	पूंजी विनियोजन (करोड़ रू. में)	रोजगार
1.	देहरादून	15	342.34	3,968
2.	हरिद्वार	85	15,895.00	47,375
3.	ऊधमसिंहनगर	141	10,194.30	31,105
4.	नैनीताल	4	1,233.84	3,166
5.	पौड़ी	2	66.94	763
	योगः–	**247**	**27,732.42**	**86,377**

राज्य में कार्यरत बृहद उद्योगों की स्थिति

विवरण	संख्या	पूंजी विनियोजन (करोड़ रू0 में)	रोजगार
उत्तराखण्ड राज्य बनने से पूर्व (प्रारम्भ से 8–11–2000 तक)	39	5,547.55	27,946
उत्तराखण्ड राज्य बनने से अब तक (9–11–2000 से फरवरी, 2015 तक)	208	22,184.87	58,431
योगः–	**247**	**27,732.42**	**86,377**

औद्योगिक विकास हेतु संस्थागत व्यवस्था

1–एकल खिड़की व्यवस्था :

- शासनादेश संख्या–353/औ.वि.–1/उद्योग/2004–05 दिनांक 26 अगस्त, 2004 से एकल खिड़की सम्पर्क सूचना एवं सुगमता व्यवस्था के अन्तर्गत उद्योगों की स्थापना हेतु विभिन्न विभागों से वांछित अनुमोदनों, स्वीकृतियों, अनापत्तियों तथा अनुज्ञां के लिए आवश्यक सूचना, मार्ग–दर्शन, आवेदन–पत्रों की उपलब्धता तथा आवेदन–पत्रों के केन्द्रीय व समयबद्ध अनुश्रवण व निस्तारण सुनिश्चित कराने का उत्तरदायित्व जनपद स्तर पर महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र को दिया गया है। एकल खिड़की व्यवस्था को और प्रभावी बनाये जाने के लिये **उत्तराखण्ड उद्यम एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन अधिनियम–2012** प्रख्यापित किया गया है।

2–उद्योग मित्र

राज्य स्तरीय उद्योग मित्र :

- राज्य में उद्यमियों से सीधा संवाद स्थापित कर औद्योगिक विकास हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार–विमर्श एवं नीतिगत निर्णय लेने के लिए प्रदेश स्तर पर मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय उद्योग मित्र का गठन किया गया है।
- विभिन्न विभागों के मा. मंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन और तीन प्रमुख औद्योगिक संगठनों व राज्य के तीन लीड बैंकों के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि उद्योग मित्र के सदस्य नामित हैं।
- प्रमुख सचिव/सचिव, औद्योगिक विकास, उत्तराखण्ड शासन राज्य स्तरीय उद्योग मित्र के सदस्य नामित हैं।
- उपरोक्त के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार अन्य सदस्यों/विशेषज्ञों को भी नामित किया जा सकता है। यदि कोई उद्यमी अपनी समस्या को व्यक्तिगत रूप से उद्योग मित्र के समक्ष रखना चाहता है, तो उसे भी अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उद्योग मित्र की बैठक में आंमत्रित किया जा सकेगा।
- राज्य स्तरीय उद्योग मित्र की बैठक त्रैमास में एक बार आयोजित किये जाने का प्राविधान।

राज्य स्तरीय उद्योग मित्र के कार्य :

राज्य स्तर पर उद्योग मित्र के कार्य निम्न प्रकार प्रस्तावित हैं :–

- राज्य में होने वाले औद्योगिकीकरण एवं लम्बी अवधि से लम्बित मामलों की समीक्षा एवं उन पर निर्णय करना।
- नीति विषयक मामलों तथा उन उद्योगों की विशेष समस्याओं पर निर्णय किया जाना, जिनमें विभागीय स्तर पर अथवा औद्योगिक विकास परिषद में निर्णय सम्भव न हो सकें।
- राज्य में औद्योगिक रूग्णता को दूर करने हेतु प्रस्तावों पर विचार करना एवं मार्ग निर्देशन प्रदान करना।
- औद्योगिक विकास में बाधक नियम, अधिनियम एवं शासनादेश जिनमें शिथिलीकरण की आवश्यकता हो, से सम्बन्धित प्रस्तावों पर विचार एवं निर्णय करना।
- ऐसे बिन्दुओं/प्रस्तावों, जो औद्योगिक नीति में समाहित नहीं हैं, किन्तु उन्हें स्वीकार किया जाना औद्योगिक विकास के हित में हैं, पर विचार एवं निर्णय करना।

जनपद स्तरीय उद्योग मित्र :

- राज्य की औद्योगिक नीति के क्रियान्वयन एवं जनपद स्तर पर उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण, उनके साथ सतत् संवाद एवं परामर्श एवं नये उद्योगों/उद्यमियों के प्रस्तावों पर विचार हेतु राज्य के प्रत्येक जनपद में जनपद स्तरीय उद्योग मित्र का गठन किया गया है।
- जिलाधिकारी इसके अध्यक्ष व महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र इसके सदस्य सचिव हैं।
- इसके अतिरिक्त समिति में जनपद के मुख्य विकास अधिकारी, वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, अग्रणी बैंक अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी, पुलिस अधिक्षक, अग्निशमन अधिकारी, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी व अन्य आपेक्षित अधिकारी तथा दो औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों को सदस्य नामित किया गया है।
- उद्योग मित्र की बैठक देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर तथा नैनीताल जनपदों में प्रत्येक माह तथा शेष जनपदों में दो माह में एक बार आयोजित किये जाने का प्राविधान।

जिला स्तरीय उद्योग मित्र के कार्य :

- जिला स्तर पर उद्योगों के प्रस्तावों पर स्वीकृतियों को सम्बन्धित विभाग द्वारा समय सीमा के अन्तर्गत जारी किये जाने की समीक्षा।
- समयान्तर्गत जारी न होने वाली स्वीकृतियों के सम्बन्ध में एकल मेज व्यवस्था के रूप में कार्य करते हुये स्वीकृतियॉ जारी करना एवं समयबद्ध आधार पर उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
- जनपद के उद्यमियों एवं औद्योगिक इकाईयों के लिये सुरक्षित एवं शान्तिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना तथा उद्यमियों की तथा व्यक्तिगत समस्याओं के निदान हेतु कार्यवाही करना।
- आवश्यकतानुसार राज्य स्तर पर मामलों को सन्दर्भित करना।

उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को लघु उद्योग स्थापित करने एंव लघु उद्योगों में स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिये प्रेरित करना है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न महत्वपूर्ण सूचनाएं उद्यमियों को एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जाती हैं और इसके आधार पर अपने उद्यम के चयन, सरलता पूर्वक स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक महत्वपूर्ण सूचना श्रोतों की जानकारी भी उन्हें मिलती है।

इस कार्यक्रम में निम्न अवयव सम्मिलित हैं :–

- विशिष्ट तकनीकी शोध, विकास एंव अन्य विशिष्ट संस्थाओं का समुचित सहयोग प्राप्त कर कार्यक्रमों का आयोजन।
- प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण अंग के अधीन जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारियों, सहायक प्रबन्धक स्तरीय कर्मचारियों का प्रशिक्षण।
- उद्यमियों तथा प्रशिक्षकों का फील्ड विजिट, जिसमें औद्योगिक दृष्टि से सफल औद्योगिक कलस्टरों एंव आदर्श उद्यमिता संस्कृति के क्षेत्रों का भ्रमण।
- जिला उद्योग केन्द्र को उद्यमियों के लिये आवश्यक सामयिक साहित्य, सूचना एंव नवीनतम प्रशिक्षण तकनीक एवं उपकरणों से सुसज्जित करना। उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिये उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नानुसार आयोजित किये जा रहे हैं–

दो दिवसीय जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम :

प्रत्येक जनपद में आवश्यकतानुसार तीन दिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस कार्यक्रम में 15–20 ब्यक्तियों के समूह में उद्योग स्थापना संबंधी जानकारी व मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

तीन साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम :

ये कार्यक्रम यथासम्भव किसी विशिष्ट उद्योग के लिये 15–20 उद्यमियों के समूह में आयोजित किये जाते हैं। ये कार्यक्रम प्रायः तकनीकी ज्ञान व मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु आयोजित किये जा रहे हैं। इन्हें विशिष्ट तकनीकी संस्थाओं, जैसे आई0आई0टी0/इन्जिनियरिगं कालेज, पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय, ई0एस0टी0सी0, आदि अन्य विभिन्न तकनीकी संस्थाओं से तथा जनपदों में योग्य एवं अनुभवी संस्थाओं के माध्यम से आवश्यकतानुसार संपादित कराये जाने का प्राविधान रखा गया है।

चार साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम :

उद्यमिता प्रशिक्षण हेतु उद्यमिता के क्षेत्र में शीर्ष राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय संस्थाओं जैसे उद्यमिता विकास प्रशिक्षण संस्थान, इण्डियन इन्सटीट्यूट आफ इण्टरप्रीनियरशिप गुवाहाटी, आसाम आदि से ये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। प्रत्येक कार्यक्रम में 20–25 ब्यक्तियों के समूह को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्य में लगे फील्ड स्टाफ तथा जनपद के महाप्रबन्धक, प्रबन्धक, अपर सांख्यकीय अधिकारी, सहायक प्रबन्धक एवं सहायक विकास अधिकारी (प्रथम) आदि को प्रदेश में व प्रदेश के बाहर राष्ट्रीय स्तर के उच्च कोटी तथा प्रबन्धकीय व तकनीकी संस्थाओं के अधीन उद्योगों की आधुनिक तकनीक व प्रबन्धन में प्रकिया संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, ताकि वे उद्यमियों को आधुनिक परिवेश में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान कर सकें। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न राजकीय अथवा प्रतिष्ठित संस्थान जैसे नेशनल इंस्टीट्यूट फार इंटरप्रिन्यौरशिप एण्ड स्माल विजनिस डवलपमेन्ट (NIESBUD) नेशनल इंस्टीट्यूट आफ स्माल इंडस्ट्रीज एक्सटेंशन ट्रेनिंग (NISIET) आदि तथा अन्य उपयोगी संस्थानों के तत्वाधान में आयोजित किये जाते हैं। पर्वतीय क्षेत्रों के लिए आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी इस वर्ष से प्रस्तावित किये जा रहे हैं।

उद्यमिता विकास कार्यक्रम (वर्ष 2014–15) माह फरवरी, 2015				
	कार्यक्रम			प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थी
	दो दिवसीय	तीन साप्ताहिक	चार साप्ताहिक	
सामान्य	179	37	0	5237
स्पेशल कम्पोनन्ट प्लान	45	11	1	1337
ट्राइवल सब प्लान	10	5	0	373
कुल योगः–	**234**	**53**	**1**	**6947**

उत्तराखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति–2015

उत्तराखण्ड राज्य के सुदूर एवं पर्वतीय क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसरों के सृजन तथा क्षेत्र के समन्वित एवं समावेशी विकास के लिये वर्ष 2008 में **''विशेष एकीकृत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति–2008''** प्रख्यापित की गई थी। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश के औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े व सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों में औद्योगिक अवस्थापना सुविधाओं का विकास कर उद्यमिता को अभिप्रेरित करते हुये उद्योग स्थापना को बढ़ावा देना था, ताकि रोजगार के अवसरों के सृजन के साथ–साथ पर्वतीय क्षेत्र का आर्थिक पिछड़ापन दूर कर जनशक्ति के पलायन को रोका जाना सम्भव हो सके। इस नीति में वर्ष 2011 में कतिपय संशोधन भी किये गये।

वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा पूरे प्रदेश के लिये **''सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति''** प्रख्यापित की गई है। इस नीति में पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लिये स्वीकृत विशेष एकीकृत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति में प्रदत्त वित्तीय प्रोत्साहनों एवं सुविधाओं को और भी अधिक आकर्षक बनाया गया है।

वित्तीय प्रोत्साहनों एवं अनुदान सहायता के लिये चिन्हित क्षेत्रों का वर्गीकरण

विभिन्न सहायताओं एवं अनुदानों को मात्राकृत करने के लिये प्रदेश को निम्नानुसार 04 श्रेणियों में विभाजित किया गया हैः–

श्रेणी	सम्मिलित / आच्छादित क्षेत्र
श्रेणी– एः	जिला पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, चमोली, चम्पावत, रूद्रप्रयाग व **बागेश्वर** का सम्पूर्ण क्षेत्र।
श्रेणी– बी	● जनपद पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल व अल्मोड़ा का सम्पूर्ण भू–भाग। ● जनपद देहरादून के विकासनगर, डोईवाला, सहसपुर तथा रायपुर विकासखण्ड को छोड़कर अन्य सभी पर्वतीय बाहुल्य विकासखण्ड। ● जनपद नैनीताल के हल्द्वानी एवं रामनगर विकासखण्ड को छोड़कर अन्य सभी पर्वतीय बाहुल्य विकासखण्ड।
श्रेणी–सी	● जनपद देहरादून के रायपुर, सहसपुर, विकासनगर व डोईवाला विकासखण्ड के समुद्र तल से 650 मी0 से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र। ● जनपद नैनीताल के रामनगर व हल्द्वानी विकासखण्ड।
श्रेणी–डी	● जनपद हरिद्वार एवं ऊधमसिंहनगर का सम्पूर्ण क्षेत्र तथा जनपद देहरादून व नैनीताल के अवशेष क्षेत्र **(श्रेणी–बी व सी में सम्मिलित क्षेत्रों को छोड़कर)**

वित्तीय प्रोत्साहनों की अनुमन्यता के लिये चिन्हित सेवा/विनिर्माणक क्षेत्र के उद्यम

वित्तीय प्रोत्साहनों/अनुदान सहायता के लिये निम्नांकित गतिविधियॉ/क्रियाकलाप पात्र/अर्ह (Eligible) होंगेः–

श्रेणी–ए एवं बी

- हरित तथा नारंगी श्रेणी के अप्रदूषणकारी विनिर्माणक उद्यम।
- विशेष औद्योगिक पैकेज के अन्तर्गत अधिसूचित थ्रस्ट सैक्टर उद्योग/गतिविधियॉ।
- प्रदेश सरकार से उद्योग का दर्जा प्राप्त गतिविधियॉ, यथाः कुक्कुट पालन तथा पर्यटन क्रियाकलाप।
- पूर्वात्तर राज्यों के लिये घोषित विशेष औद्योगिक पैकेज में सम्मिलित सेवा क्षेत्र व अन्य क्षेत्र की निम्न गतिविधियॉः–
  - ➢ होटल, साहसिक एवं अवकाशकालीन खेल, रोप–वे।
  - ➢ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं युक्त नर्सिंग होम।
  - ➢ व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान, यथाः होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एण्ड फूड क्राफ्ट, उद्यमिता विकास प्रशिक्षण, नर्सिंग एवं पैरामैडिकल, नागरिक विमानन से सम्बन्धित प्रशिक्षण, फैशन डिजाईनिंग तथा औद्योगिक एवं कौशल विकास प्रशिक्षण।
- जैव प्रौद्योगिकी।
- संरक्षित कृषि एवं औद्यानिकी, कोल्ड स्टोरेज आदि गतिविधियॉ।
- पैट्रोल एवं डीजल पम्पिंग स्टेशन, गैस गोदाम।

- **श्रेणी–सी एवं डी में मात्र विनिर्माणक गतिविधियॉ।**

- **रीवर बेड मैटेरियल आधारित उद्योगों (स्टोन क्रेशर सहित) पर छूट/रियायतों का लाभ पूरे प्रदेश में अनुमन्य नहीं होगा।**

विशेष एकीकृत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति–2008 के अन्तर्गत पर्वतीय क्षेत्रों में स्थापित इकाईयों की स्थिति

क्र0 सं0	जनपद	वर्ष 2013–14			वर्ष 2014–15 (13 मार्च, 2015 तक)		
		स्थापित इकाईयॉ			स्थापित इकाईयॉ		
		निर्माण एवं उत्पाद उद्यम	सेवा क्षेत्र के उद्यम	कुल योग	निर्माण एवं उत्पाद उद्यम	सेवा क्षेत्र के उद्यम	कुल योग
1.	नैनीताल	62	1	63	13	3	16
2.	अल्मोड़ा	36	79	115	37	82	119
3.	पिथौरागढ़	101	15	116	88	29	117
4.	बागेश्वर	39	46	85	32	57	89
5.	चम्पावत	31	54	85	42	46	88
6.	देहरादून	8	30	38	28	18	46
7.	पौड़ी	49	181	230	45	190	235
8.	टिहरी	77	73	150	101	50	151
9.	चमोली	53	47	100	51	50	101
10.	उत्तरकाशी	25	75	100	15	95	110
11.	रूद्रप्रयाग	53	37	90	55	34	89
योग :–		**534**	**638**	**1172**	**507**	**654**	**1161**

योजनान्तर्गत वर्ष 2013–14 में 1172 इकाईयॉ स्थापित की गईं, जिसमें रू0 148.90 करोड़ का पूंजी निवेश तथा 4380 का रोजगार सृजित हुआ एवं वर्ष 2014–15 में **माह फरवरी, 2015 तक 1161** इकाईयॉ स्थापित की गईं, जिसमें **रू0 117.07** करोड़ का पूंजी निवेश तथा **3704** का रोजगार सृजित हुआ है।

उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों हेतु विशेष एकीकृत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के तहत निम्नवत् धनराशि वर्ष 2008–09, 2009–10, 2010–11, 2011–12, 2012–13, 2013–14 तथा 2014-15 में क्रमशः रू0 250 लाख, रू0 300 लाख, रू0 487 लाख, रू0 507 लाख,

रू0 200 लाख तथा रू० 1400 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुयी है, जिसके सापेक्ष वर्षवार निम्नवत् धनराशि जनपदों को आवंटित की गई। जनपदों में आवंटित धनराशि के सापेक्ष 13 मार्च, 2015 तक निम्नवत् व्यय हुआ हैः–

जनपद का नाम	वर्ष 2008–09 में व्यय की गई धनराशि		वर्ष 2009–10 में व्यय की गई धनराशि		वर्ष 2010–11 में व्यय की गई धनराशि		वर्ष 2011–12 में व्यय की गई धनराशि		वर्ष 2012–13 में व्यय की गई धनराशि		वर्ष 2013–14 में व्यय की गई धनराशि		वर्ष 2014–15 में व्यय की गई धनराशि	
	इकाईयों की संख्या	धनराशि (लाख रू0 में)	इकाईयों की संख्या	धनराशि (लाख रू0 में)	इकाईयों की संख्या	धनराशि (लाख रू0 में)	इकाईयों की संख्या	धनराशि (लाख रू0 में)	इकाईयों की संख्या	धनराशि (लाख रू0 में)	इकाईयों की संख्या	धनराशि (लाख रू0 में)	इकाईयों की संख्या	धनराशि (लाख रू0 में)
नैनीताल	0	0	1	30.00	9	37.963	13	52.67	28	174.20	58	417.55	81	205.87
अल्मोड़ा	0	0	12	5.30	31	39.983	24	40.28	27	33.67	26	148.84	71	150.32
बागेश्वर	4	2.33	12	9.17	16	31.220	21	20.87	0	0	38	65.21	34	50.90
पिथौरागढ़	7	10.00	25	26.15	30	23.990	75	78.40	20	27.50	124	113.51	3	42.98
चम्पावत	5	4.20	19	10.00	37	12.000	33	8.32	7	1.38	14	45.51	36	63.03
पौड़ी	0	0	11	61.06	14	52.616	3	73.89	16	45.56	42	208.23	74	316.69
टिहरी	0	0	12	75.01	29	85.387	38	167.75	39	115.98	53	258.28	84	397.59
चमोली	0	0	6	5.21	3	5.000	3	5.67	10	44.91	4	47.75	38	66.95
रूद्रप्रयाग	0	0	1	3.73	2	2.015	3	36.95	5	5.52	13	20.35	23	34.71
उत्तरकाशी	2	2.21	2	6.60	9	7.405	2	1.63	6	58.28	10	68.55	24	41.06
देहरादून	1	0.99	6	5.01	6	2.421	3	0.21	0	0	6	6.22	17	29.90
योगः–	19	19.73	107	237.24	186	300.000	218	486.64	158	507.00	388	1400.00	485	1400.00

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना

वर्ष 2008–09 तक भारत सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगारों नवयुवकों/नवयुवतियों के लिये स्वतः रोजगार हेतु संचालित प्रधानमंत्री रोजगार योजनान्तर्गत राज्य की प्रगति देश में सर्वश्रेष्ठ रही है। वर्ष 2008–09 में उद्योग विभाग द्वारा पूर्व से संचालित प्रधानमंत्री रोजगार योजना एवं खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित ग्रामीण रोजगार सृजन योजना को सम्मिलित करते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अधिक से अधिक बेरोजगारों को उनके उद्यम स्थापित करने हेतु प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना शुरू की गयी। यह योजना उद्योग विभाग, प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड तथा खादी ग्रामोद्योग आयोग (KVIC), भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय स्तर पर संचालित की जा रही है और खादी ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार को योजना के क्रियान्वयन के लिये नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

अनुदान का स्तर

लाभार्थियो के वर्ग	परियोजना लागत में लाभार्थी का अंशदान (प्रतिशत में)	अनुदान दर (प्रतिशत में)	
		शहरी	ग्रामीण
सामान्य श्रेणी के व्यक्ति	10	15	25
अनु0जाति / अनु0जनजाति / अ0पि0व0 / अल्पसंख्यक / महिला / पूर्व सैनिक / शारीरिक विकलांग / उत्तर पूर्व क्षेत्र , पहाड़ी एवं सीमावर्ती क्षेत्र से सम्बन्धित व्यक्ति	05	25	35

योजनान्तर्गत वर्ष 2014–15 की **(माह फरवरी, 2015 तक)** प्रगति निम्नवत् हैः–

(धनराशि लाख रू0 में)

(उद्योग) वर्ष 2014–15									(खादी) वर्ष 2014–15						
क्र0 सं0	जनपद	लक्ष्य	स्वीकृत ऋण		वितरित ऋण		वितरित मार्जिन मनी बैक लॉग सहित		लक्ष्य	स्वीकृत ऋण		वितरित ऋण		वितरित मार्जिन मनी बैक लॉग सहित	
			सं0	धन0	सं0	धन0	सं0	धन0		सं0	धन0	सं0	धन0	सं0	धन0
1.	नैनीताल	**59**	45	226.30	38	121.62	37	60.30	**41**	33	222.90	33	222.90	33	222.90
2.	ऊधमसिंह नगर	**53**	30	125.22	22	96.65	24	73.03	**40**	25	94.58	11	28.00	16	53.50
3.	अल्मोड़ा	**56**	58	218.00	41	141.83	62	59.92	**38**	34	248.00	32	238.00	32	230.00
4.	पिथौरागढ़	**57**	2	4.00	0	0	57	59.18	**41**	36	109.00	36	109.00	49	146.00
5.	बागेश्वर	**52**	57	126.60	49	81.86	23	20.15	**43**	26	69.50	24	64.50	28	82.50
6.	चम्पावत	**57**	69	261.91	63	226.90	38	48.14	**43**	34	154.60	34	154.60	44	182.10
7.	देहरादून	**60**	91	419.90	66	326.15	36	50.19	**41**	8	54.50	8	54.50	8	54.50
8.	पौड़ी	**55**	50	243.01	26	136.00	26	47.31	**40**	15	142.26	10	68.09	11	69.09
9.	टिहरी	**52**	49	232.90	29	144.00	28	43.34	**38**	28	90.97	11	35.90	11	35.10
10.	चमोली	**56**	31	127.00	11	39.50	46	61.17	**46**	30	98.00	27	91.00	27	91.00
11.	उत्तरकाशी	**52**	42	146.13	20	80.70	27	27.42	**43**	21	66.15	11	37.65	22	77.15
12.	रूद्रप्रयाग	**55**	61	190.50	50	143.50	57	69.99	**45**	50	172.00	34	129.00	34	129.00
13.	हरिद्वार	**56**	29	289.05	12	130.55	42	79.97	**41**	14	128.00	6	61.00	19	250.00
योग		**720**	**614**	**2610.52**	**427**	**1669.26**	**503**	**700.11**	**540**	**354**	**1650.46**	**277**	**1294.14**	**334**	**1622.84**

सुकरता परिषद

सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम विकास अधिनियम–2006 प्रवर्त होने से पूर्व लघु और आनुशंगिक औद्योगिक उपक्रमों को विलम्बित संदाय पर ब्याज अधिनियम–1993 के अधीन विलम्बित संदाय के भुगतान हेतु औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन की अधिसूचना संख्या–2221/औ0वि0/182–उद्योग/ 2001 दिनांक 6 नवम्बर, 2001 से उत्तराखण्ड इण्डस्ट्रीज फैसिलिटेशन काउन्सिल नियम–2001 प्राख्यापित किये गये थे। उक्त अधिनियम की धारा–32(1) द्वारा लघु और आनुशंगिक औद्योगिक उपक्रमों को विलम्बित संदाय पर ब्याज अधिनियम–1993 को निरसित कर दिया गया है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम–2006 के अध्याय–5 में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के विलम्बित भुगतान पर संदाय प्रदान करने हेतु सूक्ष्म और लघु उद्यम सुकरता परिषद की स्थापना की व्यवस्था की गई है। उक्त अधिनियम की धारा–30(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रयोजनों को क्रियान्वित करने के लिये अधिसूचना द्वारा नियम बना सकेगी तथा धारा–30, उपधारा–2(क) के अधीन विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्तियों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसे नियम में सूक्ष्म और लघु उद्यम सुकरता परिषद की संरचना, सदस्यों की रिक्तियों को भरने की रीति और धारा–23 की उपधारा–3 के अधीन परिषद के सदस्यों के कृत्यों के निर्वहन के लिये प्रक्रिया का निर्धारण कर सकेगी। सूक्ष्म और लघु उद्यम सुकरता परिषद 3 से अधिक किन्तु 5 से कम सदस्यों से मिलकर गठित की जायेगी, जिसमें राज्य सरकार के उद्योग विभाग में नियुक्त निदेशक उद्योग पदेन अध्यक्ष तथा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के संगमों/संगठनों के एक या अधिक पदाधिकारी, सूक्ष्म और लघु उद्यमों को ऋण देने वाले बैंकों/वित्तीय संस्थाओं के एक या अधिक प्रतिनिधि, उद्योग, वित्त, विधि, वाणिज्य के क्षेत्र में विशेष ज्ञान रखने वाले एक या अधिक व्यक्ति को सदस्य नामित किया जायेगा।

यह परिषद अधिनियम में दिये गये प्राविधानों के तहत माध्यस्थम और सुलह अधिनियम–1996 के प्राविधानों के तहत दावों पर आपसी बातचीत व सुनवाई कर दावों का निस्तारण करेगी। संख्या–2896/सात–2–10/182/उद्योग/2001/सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम की धारा–30 के अधीन राज्यपाल महोदय द्वारा दिनांक 09 सितम्बर, 2010 को उत्तराखण्ड राज्य सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुकरता परिषद नियमावली–2010 प्रख्यापित की गई है।

उत्तराखण्ड राज्य सूक्ष्म तथा लघु उद्यम सुकरता परिषद की प्रथम बैठक दिनांक 13 अक्टूबर, 2011 को आयोजित की गई। माह फरवरी, 2015 तक परिषद के समक्ष 90 इकाईयों द्वारा अपने वाद प्रस्तुत किये हैं। परिषद में 9 इकाईयों के मामले आपसी सामंजस्य से तथा 33 मामलों में अवार्ड घोषित किया जा चुका है।

सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिये क्रय वरीयता नीति, 2014

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–261/सात–2–14/143–उद्योग/2003 दिनांक 19–3–2014 से औद्योगिक विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–3396/सात–2(08)/143–उद्योग/2003 दिनांक 30 जून, 2009 तथा शासनादेश दिनांक 12 जनवरी, 2010 द्वारा निर्गत मूल्य/क्रय वरीयता नीति को अतिक्रमित करते हुये प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु (कुटीर एवं खादी सहित) उद्यमों द्वारा उत्पादित तथा प्रदत्त सेवाओं को शासकीय उपापन में निविदा का समय वरीयता देने हेतु क्रय वरीयता नीति स्वीकृत की गई है। नीति के मुख्य प्राविधान निम्नवत् हैं:–

- यह नीति उन सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों पर लागू होगी, जिन्होंने राज्य के उद्योग निदेशालय/जिला उद्योग केन्द्रों में ''सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम–2006'' के अन्तर्गत ''सूक्ष्म तथा लघु उद्यम'' के रूप में उद्यमिता ज्ञापन भाग–2 फाइल कर उसकी अभिस्वीकृति प्राप्त की हो तथा शासकीय सामग्री क्रय कार्यक्रम के अन्तर्गत उद्योग निदेशालय में पंजीकरण प्राप्त कर लिया हो।
- क्रय वरीयता नीति के अन्तर्गत अधिप्राप्ति व्यवहारों एवं आदेशों का पालन करते हुये निष्पक्ष, समान पारदर्शी और लागत सक्षम व्यवस्था के अनुरूप आपूर्तिकर्ताओं के बीच प्रतिस्पर्धात्मकता बनाये रखते हुये नीति का कियान्वयन किया जायेगा।
- क्रय वरीयता से तात्पर्य गुणवत्ता से समझौता किये बिना, प्रदेश की सूक्ष्म एवं लघु (कुटीर व खादी ग्रामोद्योग, हथकरघा व हस्तशिल्प सहित) उद्यमों को प्रदेश की मध्यम व बृहत तथा प्रदेश से बाहर की सभी श्रेणियों के उद्यमों की तुलना में दी जाने वाली वरीयता से होगा, बशर्ते कि ऐसी इकाई द्वारा निविदा में दी गई दरें न्यूनतम दर एल1 से अधिकतम 20 प्रतिशत सीमा के अन्तर्गत हो।
- निविदा में प्रदेश की सहभागी सूक्ष्म एवं लघु (कुटीर व खादी ग्रामोद्योग, हथकरघा व हस्तशिल्प सहित) उद्यम, जिसने एल1 + 20 प्रतिशत मूल्य बैण्ड के भीतर निविदा मूल्य उद्धृत किया है और उन्हें ऐसी परिस्थिति में जहॉ एल1 मूल्य प्रदेश के सूक्ष्म और लघु उद्यम के अतिरिक्त किसी और से हो, वहॉ उनके मूल्य को एल1 मूल्य के स्तर पर लाकर आपूर्ति के आदेश दिये

जायेंगे। प्रदेश की ऐसे एक से अधिक सूक्ष्म एवं लघु उद्यम के मामले में आपूर्ति को क्षमता के अनुरूप आनुपातिक रूप में (निविदा की गई मात्रा तक) बॉटा जायेगा।

- विशेष एकीकृत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति, 2008 (यथासंशोधित/परिवर्धित नीति–2011) में अधिसूचित पर्वतीय क्षेत्रों में स्थापित होने वाले सूक्ष्म व लघु (कुटीर व खादी ग्रामोद्योग, हथकरघा व हस्तशिल्प सहित) उद्यम, जिसने एल1 + 30 प्रतिशत मूल्य बैण्ड के भीतर निविदा मूल्य उद्धृत किया है और उन्हें ऐसी परिस्थिति में जहॉ एल1 को एल1 मूल्य के स्तर पर लाकर आपूर्ति के आदेश दिये जायेंगे।

हथकरघा योजनायें

एकीकृत हथकरघा विकास (भारत सरकार द्वारा प्रायोजित):

बुनकरो को विभिन्न प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा एकीकृत हथकरघा विकास योजना प्रारम्भ की गई है। योजना के अन्तर्गत निम्न अवयव है, जिनमें न्यूनतम 300 से 500 हथकरघा वाले बुनकर समूहों के विकास के लिये क्रियान्वयन एजेंसी को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

- बुनकर समूह का गठन
- यार्न डिपो की स्थापना
- डिजाइनो का विकास
- सामान्य सुविधा केन्द्र/रंगाई घर की स्थापना
- प्रचार–प्रसार
- बुनकरो को करघे एवं सहवर्ती उपकरण उपलब्ध कराना
- बुनकरो को प्रशिक्षण प्रदान कराना
- बुनकरो को आवास उपलब्ध कराना

राज्य के लिए अब–तक निम्नांकित 9 हथकरघा कलस्टर स्वीकृत किये गये हैंः–

1. छिनका, चमोली।
2. मंगलौर, हरिद्वार।
3. डुण्डा, उत्तरकाशी।
4. मुनस्यारी, पिथौरागढ।
5. धारचूला, पिथौरागढ।
6. कालसी(विकास नगर) देहरादून।
7. इमलीखेड़ा, मोहनपुरा(हरिद्वार)
8. घाटीबगड़(पिथौरागढ़)।
9. पिथौरागढ़

उक्त कलस्टरों के लिए भारत सरकार द्वारा उपरोक्त मदों में 2698 बुनकरो को निम्न प्रकार से आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी गयी हैः–

(लाख रू0 में)

क0 सं0	कलस्टर का स्थल / जनपद	कियान्वयन एजेन्सी	स्वीकृति वर्ष	कुल परियोजना लागत	केन्द्रांश	राज्यांश	भारत सरकार से अवमुक्त धनराशि	राज्य सरकार से अवमुक्त धनराशि	कुल बुनकर
1–	छिनका, चमोली	बुनकर सेवा केन्द्र, चमोली	2007-08	59.91	51.19	7.37	51.190	7.370	276
2–	मंगलौर, हरिद्वार	आई.आई.ई., देहरादून	2007-08	59.91	51.19	7.37	51.190	7.370	276
3–	डुण्डा, उत्तरकाशी	आई.आई.ई., देहरादून	2007-08	60.00	53.542	6.458	53.542	6.458	278
4–	मुनस्यारी, पिथौरागढ़	यूएचएचडीसी, देहरादून	2007-08	60.00	53.542	6.458	53.542	6.458	278
5–	धारचूला, पिथौरागढ़	यूएचएचडीसी, देहरादून	2007-08	60.00	53.542	6.458	53.542	6.458	278
6–	कालसी, (विकासनगर), देहरादून	वूमेन डेपलपमेंट ऑर्गेनाईजेशन, देहरादून	2008-09	60.00	54.853	5.147	54.853	5.147	257
7–	इमलीखेड़ा, मोहनपुरा (हरिद्वार)	वूमेन डेपलपमेंट ऑर्गेनाईजेशन, देहरादून	2010-11	60.00	54.148	5.267	54.148	5.267	440
8–	घाटीबगड़ (पिथौरागढ़)	उत्तराखण्ड आर्ट वैलफेयर एसोसियेशन, कोटबाग, नैनीताल	2010-11	60.00	54.370	5.082	38.968	2.195	305
9–	पिथौरागढ़	उत्तराखण्ड आर्ट वेलफेयर एसोसियेशन, कोटाबाग, नैनीताल	2011-12	60.00	54.311	5.098	18.00	1.690	310
	योगः–			**539.82**	**480.688**	**54.708**	**428.975**	**48.413**	**2698**

वीवर क्रेडिट कार्ड योजना

बुनकरों को तकनीकी सहायता, फारवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेज स्थापित करने एवं उद्यमिता विकास करने हेतु वीवर क्रेडिट कार्ड देश के वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से संचालित की गई है। योजनान्तर्गत बैंकों द्वारा बुनकरों को वर्किंग कैपिटल के रूप में धनराशि उपलब्ध कराने हेतु क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराये जायेंगे, जिसके अन्तर्गत रू0 2 लाख की सीमा निर्धारित की गई है। भारत सरकार द्वारा कैश क्रेडिट लिमिट के लिये न्यूनतम रू0 25,000/– की धनराशि निर्धारित की गई है।

क्र0 सं0	जनपद का नाम	बैंक को प्रेषित आवेदन पत्र	स्वीकृत आवेदन पत्रों की संख्या	स्वीकृत धनराशि (लाख रू0 में)	अवमुक्त धनराशि (लाख रू0 में)
1.	बागेश्वर	156	26	13.725	6.00
2.	पिथौरागढ़	1148	115	57.30	22.50
3.	ऊधमसिंहनगर	498	43	56.548	40.748
4.	देहरादून	238	63	30.278	30.278
5.	उत्तरकाशी	360	92	46.16	44.88
6.	हरिद्वार	1346	38	9.50	9.50
7.	चमोली	271	0	0	0
	योगः–	**4017**	**377**	**213.511**	**153.906**

हथकरघा क्षेत्र हेतु पुनरूद्धार, सुधार तथा पुनर्निर्माण योजना

(Modified Revival, Reform and Restructuring Package for Handloom Scheme)

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2011–12 में बुनकरों/प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों एवं व्यक्तिगत बुनकरों द्वारा वाणिज्यिक बैंकों/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों एवं जिला सहकारी बैंकों से लिये गये ऋण के समायोजन, मशीन ह्रास एवं पुर्नपूंजीकरण हेतु योजना नाबार्ड के सहयोग से संचालित की जा रही हैं।

योजना के मुख्य घटक निम्न हैंः–

1. भारत सरकार द्वारा ऋण का समायोजन 90:10 के अनुपात में किया जायेगा।
2. प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियों द्वारा बैंकों से लिया गया समस्त ऋण का समायोजन किया जायेगा एवं व्यक्तिगत बुनकरों द्वारा लिये गये ऋण का अधिकतम रू0 50,000/– तक प्रति बुनकर की दर से समायोजन किया जायेगा।

3. ऋण का समायोजन दिनांक 31–3–2010 से पूर्व लिये गये ऋण पर ही किया जायेगा।
4. कार्यरत बुनकर सहकारी समितियों को योजनान्तर्गत तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जायेगी।
5. बुनकरों को क्रेडिट गारण्टी भी उपलब्ध कराई जायेगी।
6. समस्त बैंकों द्वारा बुनकरों को 3 प्रतिशत ब्याज उपादान दिया जायेगा।
7. बुनकरों को क्रेडिट गारण्टी हेतु रू0 10,000/– की मार्जिन मनी उपलब्ध कराई जायेगी।

योजनान्तर्गत अद्यतन प्रगति का विवरण निम्नवत् हैः–

प्राथमिक बुनकर सहकारी समिति/व्यक्तिगत बुनकरों के दावों का विवरण

कुल दावे			राज्यांश (रूपये में)	केन्द्रांश (रूपये में)	योग (रूपये में)
समिति	2012-13	1	1,62,822.00	14,56,820.00	16,19,642.00
	2013-14	62	22,83,709.00	2,05,53,379.00	2,28,37,088.00
बुनकर	47		1,35,560.00	12,20,037.00	13,55,597.00
योगः–			25,82,091.00	2,32,30,236.00	2,58,12,327.00

महात्मा गांधी बुनकर योजना (भारत सरकार द्वारा प्रायोजित):

उद्देश्यः–

महात्मा गॉधी बुनकर योजना का मूल उद्देश्य हथकरघा बुनकरों को स्वाभाविक मृत्यु के साथ–साथ दुर्घटना में मृत्यु होने की स्थिति में तथा दुर्घटना के कारण पूर्ण एवं आंशिक निःशक्तता के मामलों में बढ़ा हुआ बीमा कवर एवं उच्चतर बीमा राशि प्रदान करना है।

प्रीमियमः–

470 रूपये प्रति सदस्य की वार्षिक प्रीमियम निम्नप्रकार भारतीय जीवन बीमा निगम को उपलब्ध कराई जाती हैः–

क0सं0	मद का नाम	धनराशि
1–	भारत सरकार का अंश	रू0 290.00
2–	बुनकर अंश	रू0 80.00
3–	भारतीय जीवन बीमा निगम का अंशदान	रू0 100.00
	योगः–	**रू0 470.00**

भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बुनकर/वारिश को उपलब्ध कराई जाने वाली धनराशि का विवरणः–

क0सं0	मद का नाम	धनराशि
1–	स्वाभाविक मृत्यु	रू0 60000/–
2–	दुर्घटना के कारण मृत्यु	रू0 150000/–
3–	पूर्ण निःशक्तता	रू0 150000/–
4–	आंशिक निःशक्तता	रू0 75000/–

विगत वर्षों में निम्न प्रकार योजना में बुनकर आच्छादित किये गये हैं तथा दावों का भुगतान किया गया हैः–

क0सं0	वित्तीय वर्ष	आच्छादित बुनकर	दावों की संख्या	अवमुक्त धनराशि
1	2013–14	405	6	4,54,000.00
2	2014–15	1315	10	6,00,000.00

शिक्षा सहयोग योजनाः–

महात्मा गॉधी बुनकर बीमा योजनान्तर्गत आच्छादित बुनकरों के बच्चों को भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा रू0 100/– प्रतिमाह की दर से एक वर्ष में अधिकतम रू0 1200/– छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाती है, जिसका वर्षवार विवरण निम्नवत् हैः–

क0सं0	वित्तीय वर्ष	आच्छादित बुनकर	अवमुक्त धनराशि
1	2011–12	33	27,600.00
2	2012–13	13	7,800.00
3	2013–14	35	42,000.00

राज्य में उत्पादित उत्पादों को विपणन प्रोत्साहनः

- राज्य में व राज्य के बाहर विभिन्न मेला प्रदर्शनियों का आयोजन कर तथा विभागीय बिक्री केन्द्र पर ''हिमाद्रि'' ब्राण्ड के नाम से राज्य के हथकरघा एवं हस्तशिल्प उत्पादों का विपणन व प्रदर्शन किया जा रहा है।
- उत्तराखण्ड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद की एक website (www.uttarakhandcrafts.com) का निर्माण कर हथकरघा एवं हस्तशिल्प से सम्बन्धित समस्त सूचनायें एवं जानकारियां upload की जा रही हैं।

माटी कला बोर्ड

हस्तशिल्प सभ्यता के आरम्भ से ही मानव जीवन का अभिन्न अंग रहा है। हड़प्पा एवं मोहन जोदड़ो से आरम्भ हुए भारतीय कालखण्ड में प्राप्त हई वस्तुएं हस्तशिल्प की समृद्ध परम्परा का साक्ष्य हैं और इस रूप में भारतीय संस्कृति से आत्मसात हो अर्वाचीन काल तक चली आ रही है। यही कारण है कि विभिन्न सभ्यताएं काल के गर्त में समा इतिहास बन गई जबकि संस्कृति जीवन का अंग बनकर आज भी जीवित हैं। ज्ञान विज्ञान तथा कला के माध्यम से विकसित संस्कृति ही क्षेत्र विशेष के आर्थिक तन्त्र को पैदा करती है और क्षेत्र का विकास करती है। उत्तराखण्ड प्रदेश में हस्तशिल्प तथा स्थानीय उत्पाद ग्रामीण परिवेश और अर्थतन्त्र के आधार स्तम्भ रहे हैं। प्रदेश की हस्तशिल्प परम्परा अत्यधिक समृद्ध एवं गौरवशाली है। प्रदेश में बांस–रिंगाल शिल्प, ताम्र शिल्प, पत्थर शिल्प, प्राकृतिक रेशों पर आधारित शिल्पों की अलग पहचान बनी है और इसी में माटी शिल्प/टेराकोटा शामिल है।

तकनीकी विकास के चलते मशीनीकरण व इनसे निर्मित उत्पादों की चकाचौंध ने ग्रामीण परिवेश में रोजगार के अवसर कम किये हैं। उत्तराखण्ड के आर्थिक विकास के मेरूदण्ड में कृषि एवं पशुपालन को ही प्रमुख श्रोत समझा जाता रहा है, परन्तु सामान्य जन मानस, योजनाकार तथा विचारक अन्य श्रोतों की ओर भी सोचते रहे हैं। इसी कारण प्रदेश में **Waste To Wealth** विचार धारा का जन्म हुआ है।

प्रदेश के माटी शिल्पियों द्वारा घरेलू उत्पाद, विभिन्न सजावटी सामान–गमले गुलदस्ते और भण्डारण आदि के लिये उपयोगी सामग्रियों का उत्पादन किया जा रहा है। परन्तु इनका पर्याप्त प्रचार–प्रसार न हो पाने के कारण तथा संगठित व्यवस्था न होने के चलते माटी शिल्प व इससे जुडे शिल्पियों के आर्थिक व सामाजिक पक्षों पर विपरीत प्रभाव पड़ा। इससे न केवल शिल्पकार प्रभावित हो रहे थे बल्कि शिल्प कला भी प्रभावित हो रही थी।

प्रदेश सरकार द्वारा कुम्हारी एवं मिट्टी का कार्य करने वाले कारीगरों के व्यवसाय में वृद्धि एवं आर्थिक उन्नति के लिए माटी कला व्यवसाय से जुड़े कारीगरों को कुम्हारी एवं मिट्टी का कार्य सम्बन्धी कुटीर उद्योग के समुचित महत्व को पारम्परिक शिल्पकला के संरक्षण के साथ ही शिल्पियों के सर्वांगीण विकास के लिए योजनाबद्ध कार्यक्रम के माध्यम से उद्यमिता कौशल विकसित करने हेतु तथा कारीगरों को तकनीकी कौशल, आर्थिक सहायता एवं विपणन के उद्देश्य से **"उत्तराखण्ड माटी कला बोर्ड"** का गठन किया गया।

बोर्ड के कार्यः–

- माटी कला उद्योगों से सम्बन्धित अधोसंरचना की सुविधाएं यथा–बिजली पानी, सड़क, आदि की व्यवस्था एवं औद्योगिक क्षेत्रों में शेड आवंटन हेतु सुझाव देना।
- टैक्स, खनिज रायल्टी आदि पर युक्तियुक्त नीति बनाना।
- संस्थागत वित्त की सुविधा उपलब्ध कराना।
- तकनीकी सहायता हेतु मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं विशेषज्ञ सलाह उपलब्ध कराना।
- उत्पादित सामग्री के विक्रय हेतु मेला–प्रदर्शनियों में प्रतिभाग कराना।

परेड ग्राउण्ड, देहरादून में आयोजित उत्तर भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में माटी कला शिल्पी द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी को गणेश प्रतिमा भेंट करते हुये

मा0 मंत्री जी द्वारा परेड ग्राउण्ड, देहरादून में आयोजित उत्तर भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का अवलोकन करते हुये

औद्योगिक मेले, प्रदर्शनी, गोष्ठी, सेमीनार व प्रचार–प्रसार

प्रदेश की औद्योगिक प्रगति के प्रदर्शन, औद्योगिक नीति के प्रचार–प्रसार तथा राज्य में पूंजी निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से अंतराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले प्रमुख मेलों, यथाः भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, प्रगति मैदान, नई दिल्ली (प्रत्येक वर्ष 14–27 नवम्बर) में राज्य की सहभागिता सुनिश्चित कर प्रदेश ने अपनी पहचान बनाई है। भारत अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला, जो प्रतिवर्ष माह नवम्बर में प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित किया जाता है, में राज्य द्वारा भाग लिया जाता है। कुटीर, दस्तकारी, लघु, हथकरघा एवं हस्तशिल्प इकाईयों को व्यापार व विपणन प्रोत्साहन हेतु प्रदेश व प्रदेश के बाहर आयोजित होने वाले प्रमुख मेलों/प्रदर्शनियों, यथाः नेशनल हेण्डलूम एक्सपों, स्पेशल हैण्डलूम एक्सपो, क्राफ्ट बाजार, गॉधी शिल्प बाजार, शरदोत्सव/ग्रीष्मोत्सव व प्रदेश के पारम्परिक मेलों मे विभाग द्वारा प्रदर्शनियां/गोष्ठीयां आयोजित की जाती हैं।

भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में दिनांक 14–27 नवम्बर, 2014 तक आयोजित किया गया। इस वर्ष प्रदर्शनी का थीम **''महिला उद्यमिता''** था। मेले में राज्य के उद्योग, लघु उद्यम, हथकरघा, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण के 110 स्टॉल स्थापित किये गये थे।

पिथौरागढ़ एवं कोटद्वार(पौड़ी) में माह नवम्बर, 2014 एवं जनवरी, 2015 में **''स्पेशल हैण्डलूम एक्सपो''** का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी देहरादून में माह दिसम्बर, 2014 से जनवरी, 2015 तक **''नेशनल हैण्डलूम एक्सपो''** का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया।

हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करने हेतु देहरादून में दिनांक 23–2–2015 से 4–3–2015 तक तथा हल्द्वानी(नैनीताल) में दिनांक 21–3–2015 से 31–3–2015 तक गॉधी शिल्प बाजार का आयोजन किया गया है।

वर्ष 2014–15 में माघ मेला(उत्तरकाशी), हैण्डलूम ट्रेड फेयर, काशीपुर (ऊधमसिंहनगर), हरेला मेला, भीमताल(नैनीताल), विन्टर फैस्टिबल, रामनगर(नैनीताल), नन्दादेवी मेला(नैनीताल), शरदोत्सव(अल्मोड़ा), पुरोला मेला(उत्तरकाशी), एवं गोपेश्वर(चमोली) में जिला हथकरघा प्रदर्शनियॉ आयोजित की गईं।

विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की दक्षता में बृद्धि किये जाने हेतु औद्योगिक मेले, प्रदर्शनी, गोष्ठी, सेमीनार योजनान्तर्गत कार्यशाला/गोष्ठी/सेमीनार आदि का आयोजन कर प्रशिक्षण प्रदान कराया गया है।

हथकरघा एवं हस्तशिल्प कारीगर व बुनकरों के उत्पादों के विपणन प्रोत्साहन हेतु एवं बुनकरों एवं शिल्पियों को सुलभ बाजार उपलब्ध कराने व उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु प्रदेश

के प्रमुख यात्रा मार्गो/पर्यटन केन्द्रों तथा देहरादून, बद्रीनाथ, उत्तरकाशी, श्रीनगर (गढ़वाल), हरिद्वार, काशीपुर एवं कसारदेवी व मालरोड(अल्मोड़ा) में स्थापित विपणन केन्द्रों के माध्यम से "**हिमाद्रि**" ब्राण्ड नेम के उत्पादों का विपणन एवं प्रदर्शन किया जा रहा है।

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला–2014 के भ्रमण कार्यक्रम पर मा0 मुख्य मंत्री जी का स्वागत करते हुये

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला–2014 में मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तराखण्ड दिवस में दीप प्रज्जवलित करते हुये

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला–2014 में मा0 मुख्यमंत्री जी स्टालों का अवलोकन करते हुये

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला–2014 में मा0 मुख्य मंत्री जी ''हिमाद्रि'' के कलैण्डर का विमोचन करते हुये

मा0 मुख्यमंत्री जी एवं मा0 मंत्री जी नेशनल हैण्डलूम एक्सपो का अवलोकन करते हुये

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर परेड ग्राउण्ड, देहरादून में विभाग की झॉकी

उत्तराखण्ड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड

ऊन योजना का इतिहास –

भेड़ पालन प्राचीन काल से ही उत्तराखण्ड का मुख्य व्यवसाय है। यहॉ की लगभग 65 प्रतिशत वन भूमि व लगभग 15 प्रतिशत चराई भूमि में भेड़ व बकरियों को चरान व चुगान के उत्तम चारागाह विधमान है यही कारण है कि भेड़ पालन व्यवसाय इस क्षेत्र के निवासियों की आजीविका का प्रमुख आधार रहा है। सन् 1962 के चीन आक्रमण के बाद इस व्यवसाय को बडा आघात लगा। भारत–तिब्बत सीमा पर स्थित ऊन की मण्डी पर उजड गयी। काफी लोगों ने ऊन का व्यवसाय छोड़कर दूसरे व्यवसाय को अपना लिया। अच्छी किस्म के ऊन का व्यवसाय बन्द सा हो गया। उत्तराखण्ड में 2003 की पशु जन गणना के आधार पर भेडों की संख्या 2.95 लाख तथा बकरियों की संख्या 11.58 लाख है तथा उत्तरांचल में ऊन का कुल उत्पादन 3,69,806 कि0ग्रा0 के लगभग है।

चम्बा, अल्मोड़ा व श्रीनगर में तीन केन्द्र स्थापित किये गये, जिनके अधीन 20 उत्पादन केन्द्र के माध्यम से खादी के अन्तर्गत ऊन की कताई व बुनाई का कार्य प्रारम्भ किया गया। वर्ष 1994–95 तक यह योजना बहुत ही अच्छी दशा में क्रियान्वित हुयी किन्तु वर्ष 1994–95 के उपरान्त इस योजना का क्रियान्वयन काफी बुरी दशा में हो गया तथा वर्तमान में स्थापित कुछ कताई व उत्पादन केन्द्रों पर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। उत्तराखण्ड राज्य में ऊनी व्ययसाय की असीम संभावनाओं को देखते हुये इस योजना की पुनर्जीवीकरण परियोजना तैयार कर केन्द्रों का जीर्णोद्धार किया गया है ,जिससे काफी अधिक संख्या में उत्तराखण्ड में रोजगार के अवसर सृजित किये गये है।

- उत्तराखण्ड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अर्न्तगत यह योजना संचालित है।
- स्थानीय कतकरों एवं बुनकरों के माध्यम से खादी की गतिविधि को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से यह योजना संचालित है।
